तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 6.5 डिग्री

हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार 15 फरवरी 2025




10 नप परिसर में ऐतिहासिक धरोहर को जीवित करने का कार्य शुरू ...





11 नाहड़ में मकानों व दुकानों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन...



## खबर संक्षेप

### ट्रेन से उतरते समय महिला की सोने की चेन तोड़ी

**रेवाड़ी।** हिसार-जयुपर टेन से उतरते समय किसी ने महिला के गले से सोने की चेन तोड़ ली। गांव झामरी जिला झज्जर निवासी रीना ने जीआरपी को दी शिकायत में बताया कि 13 फरवरी को वह हिसार-जयुपर ट्रेन से दादरी से झाड़ली आ रही थी, जब वह झाड़ली रेलवे स्टेशन पर उतरने लगी तो दो महिलाएं व एक लड़की मौजूद थी। तीनों महिलाओं ने उसके साथ धक्का-मुक्की करके उसके गले से सोने की चेन तोड़ ली। महिला ने शोर मचाया, लेकिन तब तक ट्रेन स्टेशन से चल पड़ी। रीना ने तीनों महिलाओं पर चेन तोड़ने का शक जताया है। जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कर्ज से परेशान व्यापारी पत्नी व बच्चों सहित लापता

**रेवाड़ी।** नई अनाजमंडी से एक व्यापारी का बेटा लोगों के कर्ज से परेशान होकर पत्नी व दो बच्चों सहित लापता हो गया। व्यापारी प्रमोद कुमार ने सेक्टर-3 चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका छोटा बेटा अंकित नई अनाज मंडी में व्यापार करता है। कुछ दिनों से वह लोगों की देनदारी की वजह से परेशान था। लोग दुकान पर लगातार अपने पैसे मांगने के लिए आ रहे थे, लेकिन वह लोगों का कर्जा चुका नहीं सका और 10 फरवरी शाम को घर से बिना बताए अपनी पत्नी मीनू व दो बच्चों के साथ गाड़ी लेकर कहीं चला गया।11 फरवरी को उनके पास किसी का फोन उनकी गाडी चिल्हड बस स्टैंड पर खड़ी है। अब उसके बेटे का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

### बाल भवन के बाहर से स्कूटी ले गए चोर

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन स्थित बाल भवन के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी हो गई। पूरण नगर निवासी सौरभ यादव ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को बताया कि 13 फरवरी को वह बाल भवन में आधार कार्ड में नाम की करेक्शन कराने आया था तथा अपनी स्कूटी बाल भवन के बाहर खड़ी करके अंदर चला गया। जब दोपहर करीब 2:05 बजे वह बाहर आया तो वहां से स्कूटी गायब थी। उसने आसपास पूछताछ की, लेकिन स्कूटी का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उसने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात पर स्कूटी चोरी का केस दर्ज किया है।

### बिजली बोर्ड के पास बाइक की टक्कर से व्यक्ति घायल

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-झज्जर मार्ग पर बिजली बोर्ड के पास बाइक रोककर साइड में खड़े व्यक्ति को एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे उसको काफी चोटें आई। गांव घासेड़ा निवासी नवीन ने सदर थाना पुलिस को बताया कि वह 9 फरवरी को अपने गांव से रेवाड़ी आ रहा था। रास्ते में वह काम से झज्जर फलाई ओवर बिजली बोर्ड के पास अपनी मोटर साइकिल लेकर साइड में खडा था तभी एक तेजी रफ्तार बाइक चालक ने उसकी खड़ी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे उसके पैर में काफी चोटें आई। सूचना में बाद पुहंची पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बाइक चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### चित्रगुप्त मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप कल

**रेवाड़ी।** चित्रगुप्त मंदिर ट्रस्ट एवं श्री चित्र गुप्त सभा की ओर से 16 फरवरी को निःशुल्क हेल्थ जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में कान, नाक गला, चर्मरोग एवं स्त्री रोग संबंधित जांच करके परामर्श दिया जाएगा। कैंप का आयोजन चित्रगुप्त मंदिर कुतुबपुर में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाया जाएगा। कैंप में ईएनटी विशेषक्ष डॉ. आदेश सक्सेना एवं डॉअक्षय सक्सेना, चर्म रोग विशेषक्ष डॉ. अंचल सक्सेना तथा स्त्री रोग विशेषक्ष डॉ. नमिता कुलश्रेष्ठ अपनी ओपीडी सेवाएं देंगे। चित्रगुप्त मंदिर ट्रस्ट के सचिव केके सक्सेना ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से हर महीने महिलाओं के लिए निःशुल्क जांच कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्त्री रोग विशेषक्ष डॉ. रूचि सक्सेना परामर्श देंगी।

### लंबे समय बाद अधिकारियों ने ली सुध, वाहनों की पार्किंग के लिए टीनशेड का भी किया जा रहा निर्माण

# नप परिसर में ऐतिहासिक धरोहर को जीवित करने का कार्य शुरू, जर्जर भवन का हो रहा जीर्णोद्धार

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

लंबे समय के बाद अधिकारियों ने नगर परिषद परिसर में स्थित ऐतिहासिक धरोहर टाउन की सुध ले ली है। देखरेख के अभाव में टाउन हाल की दशा बिगड़ती जा रही थी। दीवारों से गिरते प्लास्टर की वजह से टाउन हाल जर्जर अवस्था में आ चुका था। नप कर्मचारियों न इसे कबाड़खाना बनाया हुआ था। अब मरम्मत कार्य शुरू होने से ऐतिहासिक धरोहर के दिन सुधर जाएंगे तथा एक बार फिर से प्राचीन धरोहर जीवित हो उठेगी। सफाई व देखरेख के अभाव में ऐतिहासिक धरोहर अपनी पहचान खोती जा रही थी। 'हरिभूमि समाचार पत्र' में ऐतिहासिक धरोहर के सुधार के लिए मुद्दा उठाया गया था, जिसके बाद नप अधिकारियों ने इसके जीर्णोद्धार का काम शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा नगर परिषद में टाउन हाल के पास दीवार ऊंची करके व्हीकल खड़े करने के लिए टीनशेड भी बनाया जा रहा है। टाउन हाल की मरम्मत व टीनशेड में करीब 20 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर परिषद कार्यालय के नए भवन के बनने से पहले टाउन हाल में ही कर्मचारी व अधिकारी कार्य करते थे। नगर परिषद का नया भवन बनने के बाद कार्यालयों को शिफ्ट करने से बाद से टाउन हाल की हालत दयनीय होती जा रही है, हालांकि टाउन हाल में आधार कार्ड व तीन अन्य कार्यालय चलाए ज रहे थे, लेकिन टाउन हाल का बाकी हिस्सा देखरेख के अभाव में जर्जर होता जा रहा था। अंग्रेजों के समय में बने ऐतिहासिक टाउन हाल के हालात लंबे समय से बदतर बने हुए थे। टाउन हाल को पूरी तरह कबाड़खाना बनाया हुआ है। काफी जगह से टाउन हाल की दीवारों को प्लास्टर तक गिर चुका था। नप स्टाफ की ओर से टाउन हाल की सफाई व देखरेख पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा था। करीब 10 से 12 साल पहले टाउन हाल की मरम्मत की गई थी, लेकिन अब टाउन हाल की दीवारों की मरम्मत का कार्य शुरू हो चुका है। टाउन हाल की छत की फर्श व नीचे की फर्श भी नई बनाई जाएगी।




रेवाड़ी। टाउन हाल की दीवार की की गई मरम्मत, नप परिसर में टीनशेड का किया जा रहा कार्य। फोटो :हरिभूमि




रेवाड़ी। नगर परिषद में स्थित ऐतिहासिक टाउन हाल, नगर परिषद परिसर में अभी भी पड़ा कबाड़। फोटो :हरिभूमि

#### दीवार को भी ऊंचा किया जा रहा

नगर परिषद परिसर में टाउन हाल के पास की दीवार को भी ऊंचा किया जा रहा है। दीवार ऊंची करने के बाद यहां टू-व्हीलर पार्किंग के लिए टीनशेड बनाया जाएगा। नगर परिषद परिसर में कार्यालयों के सामने ही वाहनों की पार्किंग होने से व्यवस्था बिगड़ी रहती है। कर्मचारियों के साथ नगर परिसर में आने वाले लोग भी वही अपने वाहन खड़े करते है, जिससे कई बार निकलने के लिए रास्ता तक नहीं बचता है। टीनशेड बनने से कर्मचारियों के व्हीकल खड़े होने से व्यवस्था में काफी सुधार होगा। ठेकेदार के अनुसार सारा कार्य पूरा होने में करीब एक से सवा महीना लगेगा।

#### नप परिसर में अभी पड़ा है कबाड़

टाउन हाल के कुछ कमरों में नगर परिषद का पुराना रिकार्ड पड़ा हुआ है। कमरों में अलमारियां रखी होने के कारण मरम्मत कार्य करने में बाधा भी आ रही है। इसके अलावा नप परिसर में लंबे समय से पड़े कबाड़ का अभी तक हटाया नहीं गया है, जिससे जगह रूकने के साथ-साथ गंदगी भी हो रही है।

## छात्रों ने वार्षिकोत्सव में नशामुक्ति व देशभक्ति का दिया संदेश



रेवाड़ी। नशामुक्ति पर प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान धामलावास में शुक्रवार को वार्षिक धामरंग 2025 प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त अभिषेक मीणा ने किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम नशाबंदी व देशभक्ति जैसे ज्वलंत मुद्दों पर अपनी प्रस्तुति दी। मंच संचालन प्राध्यापक नीरज व सरिता के ने किया। डीसी ने बच्चों को ज्ञानवर्धक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संस्था के प्रधानाचार्य डा. रविन आहूजा के दिशानिर्देशन में संस्था हर क्षेत्र में अपना रोशन कर रही है। इस अवसर पर संस्था के प्रेस प्रवक्ता राकेश यादव, रचना यादव, परमजीत यादव, मुकेश पुनिया, पवित्रपाल यादव, विजय यादव, रामानंद यादव, ललित मोहन, प्रदीप कुमार, नवीन, मनेन्द्र यादव, देवेंद्र कुमार, मुकुल, साहिल व निशान्त सहित अनेक छात्र मौजूद थे।



रेवाड़ी। हरियाणवी डांस पेश करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। पंजाबी डांस पेश करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## अराध्या ने उत्तराखंड की चोटी पर लहराया तिरंगा



रेवाड़ी। छात्रा को सम्मानित करते हुए प्राचार्या। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ढालियावास रोड स्थित मार्टिर जीआर अकेडमी की 8वीं कक्षा की छात्रा पर्वतारोही आराध्या ने मात्र 12 वर्ष की आयु में ही 13600 फीट ऊंचाई की उत्तराखंड चोटी चोपटा पीक को फतेह कर तिरंगा लहराया है। छात्रा ने अपने माता-पिता व अकेडमी के साथ जिले को भी गौरवान्वित किया। छात्रा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ अपनी अकेडमी की प्राचार्या डा. प्रवीन को दिया है। इस कामयाबी पर प्राचार्या, कॉर्डिनेटर सूबेदार महिपाल व स्टाफ के सभी सदस्यों ने छात्रा को बधाई दी।

## पुलवामा अटैक में शहीद हुए जवानों की याद में ब्लैक-डे मनाया



रेवाड़ी। पुलवामा के शहीदों को नमन करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लाखनौर स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को पुलवामा अटैक में शहीद हुए जवानों की याद में ब्लैक-डे मनाया गया। विद्यालय के निदेशक एडवोकेट सुधीर यादव व स्टाफ ने शहीदों की स्मृति में मोमबत्ती जलाकर व 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थियों ने अपनी कविताओं व भाषण के माध्यम से सरहद पर खड़े जवानों की स्थिति को दर्शाया। कक्षा नौवीं की छात्राओं ने लघु नाटिका के माध्यम से पुलवामा अटैक की घटना का नाट्य रूपांतरण किया। स्कूल निदेशक ने जवानों पर होने वाली इस प्रकार की घटनाओं की कड़ी निन्दा करते हुए आतंकवाद जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने की अपील की।

## थानों में आने वाले आमजन व पीड़ित व्यक्ति के साथ मधुर व्यवहार करें जवानः डा. मयंक

- पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने जिला पुलिस लाइन में थानों के मुंशी व मालखाना मोहरर को बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने जिला पुलिस लाइन में जिले के सभी थानों के मुंशी व मालखाना मोहरर की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने सभी मुंशी व मालखाना मोहरर को थानों की व्यवस्था, रिकॉर्ड व अन्य सामान के रखरखाव के संबंध में जरूरी हिदायत दी। एसपी ने सभी जवानों को भी थानों में व्यवस्थाओं को दुरूस्त बनाए रखने तथा साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि सभी मुंशी व मालखाना मोहरर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिलने वाले निर्देशों का सख्ती से पालन करें। बिना किसी ठोस वजह के किसी कार्य को लंबित न रखा जाए। संज्ञेय अपराध घटित होने पर उसकी प्राथमिकी दर्ज करने में देरी न करें व उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए। एसपी ने कहा कि सभी जवान थाने में आने वाले आमजन व पीड़ित व्यक्ति के साथ ठीक से बात करके मधुर व्यवहार करें। थाने में शिकायत मिलने पर सबसे पहले शिकायतकर्ता को उस शिकायत की रसीद दी जाए व शिकायत को क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम पर तुरंत अपलोड करें। समय-समय पर उच्च अधिकारियों की तरफ से जारी की जाने वाली गाइडलाइनों का भी सख्ती से पालन करें। एसपी ने थानों की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए थानों के मुंशी व मालखाना मोहरर से सुझाव भी लिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी की थाने में कार्य करने के दौरान आने वाली व व्यक्तिगत समस्याएं भी सुनी, जिसमें अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। बैठक में डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण, डीएसपी कोसली विद्यानंद, इंचार्ज सुरक्षा शाखा एएसआई सतपाल व प्रवाचक पुलिस अधीक्षक एएसआई तेजपाल मौजूद थे।



रेवाड़ी। पुलिस लाइन में मुंशी व मोहरर की बैठक लेते एसपी। फोटो :हरिभूमि

**कार्रवाई** नगर पालिका की टीम के बाजार में पहुंचते ही अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई

## बावल में अतिक्रमण पर कार्रवाई, नपा टीम ने चालान काटे व सामान किया जब्त

- सड़क पर दोबारा अतिक्रमण करने पर चालान दोगुना किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

नगरपालिका की ओर से शुक्रवार को बावल के बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर पालिका की टीम के बाजार में पहुंचते ही अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदार जहां अपना सामान अंदर रखने लगे वही रेहड़ी वाले रेहड़ियों को लेकर तितर-बितर हो गए। नपा प्रधान वीरेंद्र सिंह ने बताया कि भगतराम चौक से छोटूराम चौक तक नया रोड बनाया जा रहा हैं, जिससे बाजार में एक तरफ से वाहन गुजर रहे हैं। दुकानदारों ने सड़क तक सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है, जिससे वाहन चालकों को निकलने में परेशानी उठानी पड़ रही है। शुकवार को कार्रवाई के दौरान तीन दुकानदारों के चलान किए गए तथा सड़क पर रखा सामान भी जब्त किया गया। प्रधान ने कहा कि सड़क पर दोबारा अतिक्रमण करने पर चालान दोगुना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर को साफ-स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त करने में सभी प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि रोड चौड़ा होने से जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी और बाजार का सौंदर्यकरण भी होगा, इसलिए लोगों को प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर नपा सचिव सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।




रेवाड़ी। बावल बाजार में अतिक्रमण हटाते हुए नपा टीम, दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की हिदायत देते नपा प्रधान। फोटो :हरिभूमि

### सेक्टर-6 में मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

धारूहेड़ा के सेक्टर-6 में मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। मूलरूप से गांव मसूदपुर फरुखाबाद उत्तर प्रदेश निवासी चंद्रभान ने धारूहेड़ा सेक्टर-6 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-6 में किराये पर रहता है। 12 फरवरी रात करीब 11 बजे उसने ड्यूटी से आकर मकान के बाहर मोटर साइकिल खड़ी की थी। अगले दिन 13 फरवरी को सुबह 7 बजे बाहर आकर देखा तो वहां से बाइक गायब थी। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### आज शुरू होगी सीबीएसई बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं

**कनीना।** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाए शनिवार से शुरू होगी। जिसके शांतिपूर्वक संचालन के लिए बोर्ड व प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन परीक्षाओं के शांतिपूर्वक संचालन के लिए सब डिवीजन में तीन परीक्षा केंद्र एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला, यूरो स्कूल उन्हाणी, इंडस वैली स्कूल दौंगड़ा अहीर में बनाए गए हैं। नकल रोकने व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वहीं पुलिस कर्मचारी भी तैनात रहेंगे। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदेव सिंह यादव ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए प्रबंध किए गए हैं।

### बीआर स्कूल में धूमधाम से मनाया ग्रैंडपेरेंट्स-डे

**महेंद्रगढ़।** बीआर विद्यालय सेहलंग में ग्रैंडपेरेंट्स-डे मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि बीआर ग्रुप की संस्थापक समिति सदस्य जगदीश भारद्वाज रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्यातिथि जगदीश भारद्वाज, चेयरमैन हरीश भारद्वाज, उप चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज, प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन वशिष्ठ, उप-प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज ने किया।

### अटेली नांगल में रक्तदान शिविर आयोजित

**मंडी अटेली।** पुलवामा अटैक में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला नांगल में युवा संगठन की ओर से तीसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व विधायक सीताराम यादव व जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार मुख्य अतिथि मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि रक्तदान से कभी भी कमजोरी नहीं होती, बल्कि शरीर स्वस्थ रहता तथा खून का उत्पादन भी कम समय में हो जाता है। जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार ने भी रक्त दाताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि शहीदों के सम्मान में इस तरह के शिविर का आयोजन करने पर गांव का युवा संगठन बधाई का पात्र है। 55 युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता, डॉ. विजय यादव, डॉ. अनिल यादव, डॉ. विनोद यादव, डॉ. राजगौरव, सरपंच भूपेंद्र, कृष्ण, विकास कुमार व केशव नंम्बरदार आदि नागरिक उपस्थित रहे।

ग्रामीणों को सता रहा हादसा होने का डर

# नाहड़ में मकानों और दुकानों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन

ग्रामीणों ने प्रशासन से बिजली लाइनों को जल्द से जल्द शिफ्ट करने की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

गांव नाहड़ के बहू मार्ग पर स्थित मकानों और दुकानों के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन लोगों के लिए सिर दर्द बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बिजली लाइनों को जल्द से जल्द शिफ्ट करने की गुहार लगाई है। बिजली निगम की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित बिजली ट्रांसफार्मर से नाहड़-बहू मार्ग पर जेएलएन नहर तक के घरों तथा ट्यूबवेलों के लिए बिजली की लाइन डाली हुई है, जिसके मकानों व दुकानों के ऊपर से गुजरने से लोगों में हादसे का डर बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि लाइन पुरानी तथा खंभे नहीं होने के कारण तार नीचे लटक गए हैं, जो कि मकानों व दुकानों की दीवारों को छूने लगे हैं, जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। इस समस्या को लेकर बिजली निगम के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है,लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**लंबे समय से लटक रही बिजली लाइनः** नाहड़ सीएचसी से लगे ट्रांसफार्मर से बहू मार्ग पर सड़क के साथ-साथ काफी पहले मकान, दुकान तथा ट्यूबवेल्स के लिए बिजली की लाइन डाली गई थी। जो अब जर्जर हालत में है तथा घरों एवं दुकानों के ऊपर से गुजर रही है, जिससे अप्रिय घटना होने की संभावना बनी हुई है। लोगों द्वारा निगम के उच्च अधिकारियों से कई बार इसे शिफ्ट करने की अप्रोच की गई थी, लेकिन इसका कोई समाधान नहीं हुआ। बाद में कुछ समय पूर्व सरकार तथा विभाग द्वारा निगम से इस प्रकार के डेंजरस प्वाइंट्स का एस्टीमेट बनाकर रिकॉर्ड मांगा गया था ताकि इनका समाधान किया जा सकें।




रेवाड़ी। नाहड़ में दुकान के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन व नाहड़ में मकान के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन। फोटो : हरिभूमि

### जल्द किया जाएगा समाधानः एक्सईएन



डीएचबीवीएन कोसली के एक्सईएन विजयपाल ने बताया कि डेंजरस पॉइंट्स तथा बीपीएल कॉलोनी के लिए डब्ल्यू टीडी द्वारा अप्रूवल दे दी गई है। टेंडर प्रक्रिया अंडर प्रोसेस है। जल्द प्रक्रिया कर कार्यवाही की जाएगी। इस किस्म के सभी कार्यों को जल्द निपटान किया जाएगा।



रेवाड़ी। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

## नेहा और सौरभ चुने गए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- पॉलीटेक्निक कॉलेज में खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

राजकीय बहुतकनीकी धामलावास में शुक्रवार को दो दिवसीय छठी खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। मुख्यातिथि डीसी अभिषेक मीणा ने कार्यक्रम में शिरकत की और विजेताओं को पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि झज्जर इंजी. कॉलेज के रजिस्ट्रार डा. राजेश यादव व डिप्टी रजिस्टर डा. वीरेंद्र सेहरावत, समीप यादव व संतबीर थे। संस्था के प्रधानाचार्य डा. रविन आहूजा ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्था के प्रेस प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि 50 वर्ष से ऊपर के स्टाफ की 200 मीटर रेस में प्रथम रामानंद यादव, द्वितीय मुकेश पुनिया व तृतीय राकेश यादव रहे। 30 से 50 वर्ष की 200 मीटर रेस में स्टाफ से प्रथम मुकुल, , द्वितीय नवीन व तृतीय प्रदीप रहे। एचकेआरएन के स्टाफ की 200 मीटर रेस में प्रथम सोमदत्त, द्वितीय कृष्ण महाखरिया व तृतीय सूबे व संजय रहे। लड़कों की शॉर्टपुट में प्रथम इलेक्ट्रिकल ट्रेड से धर्मेंद्र, द्वितीय एमएलटी ट्रेड से गगन व तृतीय मोहित रहे। लड़कियों की 100 मीटर रेस में एमएलटी ट्रेड से प्रथम तेजस्वी, द्वितीय प्रियंका व तृतीय स्थान पर आरती रही। लड़कों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी इलेक्ट्रिकल से सौरभ प्रथम, इलेक्ट्रिकल से लोकेश द्वितीय व एमएलटी से पंकज और गगन तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एमएलटी से नेहा प्रथम, कंप्यूटर से वंशिका द्वितीय व एमएलटी से आरती तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर रचना यादव, परमजीत यादव, मुकेश पुनिया, पवित्रपाल यादव, विजय यादव रामानंद यादव, ललित मोहन,प्रदीप कुमार, नीरज, नवीन, खेल प्रभारी मनेन्द्र यादव, देवेंद्र कुमार, मुकुल, साहिल, निशांत, दीपिका, प्रेमचंद, पवन, मनोज, अश्वनी, अजीत, रेनू व कृष्ण सहित सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

## सविता ने संस्कृत श्लाकोच्चारण में पाया प्रथम स्थान



**बावल।** राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में स्पेक्ट्रम दा कल्चरल फेस्ट विषय पर अंतर महाविद्यालय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय महाविद्यालय बावल की एमए अंतिम वर्ष की छात्रा सविता ने संस्कृत श्लाकोच्चारण में प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल ने रंगोली में द्वितीय स्थान, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा संतोष ने पोस्टर मेकिंग में तृतीय स्थान व छात्र दीपक ने भजन में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्या डा. नमिता ने स्टाफ सदस्यों के साथ विजेता विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर सम्मानित किया।

## विद्यार्थियों को दी मॉडल बनाने की जानकारी

- अतिथियों व शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीपुर में शुक्रवार को समग्र शिक्षा के तहत विज्ञान एवं गणित गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उच्च शिक्षण संस्थान कृषि महाविद्यालय बावल की डा. सुनीता श्योराण ने शिरकत की। डा. सुनीता ने बच्चों को मॉडल बनाने की तकनीक एवं पोस्टर व चार्ट बनाने की विशेषताएं और प्राकृतिक खेती के बारे में बताया। गतिविधि के दौरान बच्चों ने मॉडल व चार्ट का प्रदर्शन किया। अतिथियों व शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार दिए। बनीपुर विद्यालय की प्राचार्या डा. शालिनी पुरोहित ने विजेताओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन डा. बबीता वर्मा ने किया। कुमारी रिंकू प्रवक्ता रसायन विज्ञान, सुषमा प्रवक्ता भौतिकी व प्रियंका प्रवक्ता गणित ने बच्चों को विज्ञान एवं गणित गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों के मॉडलों का अवलोकन करते अतिथि व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि



### विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान पाने पर छात्राओं को किया सम्मानित

**रेवाड़ी।** अहीर महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित अन्तः जिला विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया। टीम इंचार्ज प्रो. रेनू यादव ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में अहीर कॉलेज के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रस्तुत कर सक्रिय भागीदारी की। वनस्पति विभाग से छात्रा हनी व राधिका ने प्रदर्शनी मे लिक्विड ट्री अर्बन सोल्यूशन टू पोल्यूशन विषय पर मॉडल प्रस्तुत कर जिला स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डा. नरपाल यादव ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर डा. मुक्ता अरोड़ा, प्रो. साक्षी यादव, प्रो. ईशा व मेनपाल यादव सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## विद्यार्थियों ने स्टेम मेले में विज्ञान व गणित के आकर्षक मॉडल दिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गांव खोरी स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्टेम मेले का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यार्थियों ने गणित व साइंस से संबंधित अनेक गतिविधियों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने बच्चों ने कोणों के प्रकार, वर्ग, 2डी व 3डी की आकृतियां, जलचक्र, पेडों से प्राप्त होने वाली महत्वपूर्ण वस्तुएं, जल शुद्धिकरण, वर्षा जल संग्रहण व ड्रिप सिंचाई विधि के मॉडल बनाकर प्रदर्शित किए। विद्यालय के प्राचार्य ब्रह्मप्रकाश यादव व भौतिक विज्ञान प्रवक्ता जसवंत सिंह सहित स्टाफ सदस्यों ने स्टेम मेले का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों के मॉडलों की सराहना की। स्टेम मेले का आयोजन विज्ञान अध्यापिका प्रमिला देवी के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर अमीर सिंह, ओंकारी देवी, सरोज देवी, विरेन्द्र नाथ व एबीआरसी कृष्ण कुमार उपस्थित थे।



रेवाड़ी। स्टेम मेले में मॉडल्स दिखाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### फुटबॉल खिलाड़ी नैना व भावना का किया सम्मान



रेवाड़ी। प्रशिक्षकों के साथ नैना व भावना। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** उत्तराखंड में आयोजित 38वे नेशनल गेम्स में राव तुलाराम स्टेडियम फुटबॉल खेल मैदान की खिलाड़ी भावना यादव ने प्रतिभागिता की तथा खिलाड़ी नैना ने सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप छत्तीसगढ में आयोजित प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। खिलाड़ियों को खेल विभाग के उपनिदेशक गोरव सोलंकी ने बधाई दी है। दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर ममता देवी जिला खेल अधिकारी, चरण सिंह व संजीव यादव फुटबॉल प्रशिक्षक व कार्यालय स्टाफ उपस्थित था।

**प्रतियोगिता** टीम आईजीयू ने 3 प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान और 4 प्रतियोगिताओं में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया

# अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में आईजीयू के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास



रेवाड़ी। उत्सव में ट्रॉफी लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- विवि प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय हिसार में आयोजित 38वें उत्तर-पश्चिम अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के विद्यार्थियों ने 26 प्रतियोगिताओं में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें विश्वविद्यालय की टीम ने 7 प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। यह विश्वविद्यालय के लिए अब तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन है। टीम आईजीयू ने 3 प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान और 4 प्रतियोगिताओं में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। साथ ही विद्यार्थी वन एक्ट प्ले, इंस्टॉलेशन व वेस्टर्न सोलो तीन प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए क्वालिफाई हुए हैं। वन एक्ट प्ले प्रतियोगिता में निकिता एमएससी केमिस्ट्री, गजानंद एमए इकोनॉमिक्स, रजत कुमार एमए योगा, नेहा यादव एमए पॉलिटिकल साइंस, विशाल सैनी बीटेक, नेहा गोरा एमएससी मैथमेटिक्स, मानसी एमकॉम ऑनर्स, हितेश एमबीए, लक्षित बीटेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंस्टॉलेशन प्रतियोगिता में वृंदा सैनी एमकॉम ऑनर्स, मुस्कान एमएससी साइकोलॉजी, रवि एमसीए, मोहित कुमार एमएससी केमिस्ट्री तथा वेस्टर्न वोकल सोलो प्रतियोगिता में आशुतोष बीटेक ने तृतीय स्थान हासिल किया। लोक नृत्य में हेमलता एमएससी बॉटनी, गीता एमकॉम, विधि बीटेक, अंजलि एमए योगा, एकता एमएससी मैथमेटिक्स, संजोगिता एमए हिस्ट्री, अंशुल एमए पॉलिटिकल साइंस, पूर्वी बीकॉम आरडीएस पीजी कॉलेज, निक्की यादव बीएससी आरडीएस कॉलेज, शालिनी बीकॉम आरडीएस पीजी कॉलेज, सिमरन एमएससी साइकोलॉजी, अंजलि बीकॉम केएलपी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वेस्टर्न ग्रुप सॉन्ग प्रतियोगिता में वृंदा सैनी एमकॉम ऑनर्स, आशुतोष बीटेक, विपिन कुमार बीएड, विनिता एमए इंग्लिश, चंचल शर्मा एमएससी मैथमेटिक्स, अवनी कुकरेती बीटेक, रंगोली प्रतियोगिता में पल्लवी बीएससी केएलपी कॉलेज व वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रीति यादव एमए. हिस्ट्री व मुस्कान कुमारी एमकॉम ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टीम इंचार्ज डा. सुशांत यादव ने भी सभी को बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी।

### सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव 16 को

**महेंद्रगढ़।** सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव 16 फरवरी को सिटी वर्ल्ड स्कूल पालड़ी पनिहारा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी अपने-अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने यह जानकारी दी।

**सूचना**

हम, वीर सिंह पुत्र श्री सुरजन व सुमनलता पत्नी श्री वीर सिंह निवासी मौहल्ला धोबीघाट, बावल, वार्ड नंबर-9, तहसील व जिला रेवाड़ी बयान करते हैं कि हमारा पुत्र सचिन तथा हमारी पुत्रवधु श्रीमती राधा हमारे व हमारे परिवार के कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# लॉन्ग जंप में अफसाना व हाई जंप में वंदना ने मारी बाजी

## गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलों का आयोजन, सुषमा कुमारी रही मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

सेक्टर।18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय 16वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। भीम अवॉर्डी व एशियाई महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता सुषमा कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को खेलों का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन में खेल को अपनाने से आप स्वस्थ तो रह ही सकते हैं, बल्कि इसे करियर के रूप में अपना कर नई ऊंचाइयों को भी छू सकते हैं। मुख्य अतिथि ने आत्मरक्षा के रूप में बॉक्सिंग के कुछ स्टेप्स का प्रदर्शन करके भी दिखाया।



रेवाड़ी। विजेता छात्राएं मुख्यातिथि व शिक्षकों के साथ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने छात्राओं को मुख्य अतिथि सुषमा कुमारी के संघर्ष पूर्ण जीवन के विषय में बताते हुए उनसे सीख लेने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है व इससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। बावल स्थित एजी कंपनी ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत महाविद्यालय में 100 मीटर ट्रैक का निर्माण कराया है। इस अवसर पर कंपनी से विमत महलावत व कृष्ण कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। राजवीर सिंह ने छात्राओं को खेल गतिविधियों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक डा. नरेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन हाई जंप, लॉन्ग जंप, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट थ्रो व 400 मीटर दौड़ का आयोजन कराया गया। डा. यशपाल सिंह व डा. सुनीता यादव ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने सहयोग दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय में डा. रेनू व डा. मोनिका के मार्गदर्शन में एक दिवसीय एनएसएस कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया।

### यह रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

शार्टपुट थ्रो में अंजू प्रथम, पूजा द्वितीय व नेहा तृतीय, हाई जंप में वंदना प्रथम, अफसाना द्वितीय व महक तृतीय, 400 मीटर दौड़ में अफसाना प्रथम, रिंकु व ज्योति द्वितीय तथा नेहा तृतीय, लॉन्ग जंप में अफसाना प्रथम, तनु द्वितीय व सोनम तृतीय तथा डिस्कस थ्रो में मीना ने प्रथम, अफसाना ने द्वितीय व दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## निजी स्कूलों की 51 बसों को जांचा, 12 के चालान काटे



रेवाड़ी। एसडीएम कोसली विजय सिंह यादव के मार्गदर्शन व राजेंद्र शर्मा खंड शिक्षा अधिकारी नाहड़ के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को उपमंडल कोसली के आरबीएस स्कूल जाहिदपुर, बाल संस्कार वैली पब्लिक स्कूल सुरेहली, आर एम आर सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाहड़, सी बीआर स्कूल बहाला, सरिता मिडिल स्कूल भड़ंगी, सत्य भारती स्कूल बहाला, सत्य भारती स्कूल कोहारड़, न्यू एरा पब्लिक स्कूल गुजरवास, एमबीआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल लुखी, विवेकानंद स्कूल बव्वा, राधा कृष्ण स्कूल कारौली व केपीएस कोसली सहित 12 स्कूलों की 51 बसों की जांच की, जिसमें से वाहनों में कमी पाए जाने पर 12 वाहनों के चालान किए गए। इन चलानों में कुछ चालान सड़क पर चलते स्कूल वाहनों के भी काटे गए। बीईओ नाहड़ राजेंद्र शर्मा ने सभी स्कूलों के स्कूल मुखियाओं, चालकों व परिचालकों को हरियाणा स्कूल सुरक्षा वाहन नीति के बारे में अवगत कराकर नियमों की पालना करने के निर्देश दिए। टीम में आरटीए विभाग से रवि कुमार वाहनों की बारीकी से जांच कर रहे हैं। उपमंडल स्तरीय कमेटी में शिक्षा विभाग से बाल योगेश्वर, सतीश कुमार, पवन कुमार, कृष्ण भारद्वाज और हरिओम शर्मा सहयोग कर रहे है।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

रेवाड़ी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व सीजेएम अमित वर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय महिला दिवस व विश्व रेडियो दिवस पर गांव सहारनवास में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से एडवोकेट विक्की विज व पैरा लीगल वॉलिंटियर्स रमेश वशिष्ठ ने गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं के लिए हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से चलाई जा रही स्कीमों व कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने आशा वर्कर व आंगनबाड़ी वर्करों सहित गांव की महिलाओं को नालसा की हेल्पलाइन 15100 के बारे में बताया।

### खुर्शीद नगर से 55 वर्षीय व्यक्ति लापता

नाहड़। गांव खुर्शीद नगर से 55 वर्षीय व्यक्ति घर से लापता हो गया। बेटे ने नाहड़ पुलिस चौकी में पिता की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। गांव खुर्शीद नगर निवासी जोगेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके पिता जयपाल 11 फरवरी को घर से परिजनों को बिना बताए कहीं चले गए है। काफी तलाश करने पर भी उनका कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जयपाल की तलाश शुरू कर दी है।

### समाधान शिविर में शिकायतों का मौके पर किया निपटारा



रेवाड़ी। एडीसी उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में लोगों की शिकायतों का समाधान किया। समाधान शिविर में अधिकतर मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। शेष मामलों पर उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द आगामी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर गांव खड़कवास में गंदा पानी की समस्या पर अधिकारियों को समाधान करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## जनवरी माह से अब तक 33 शिकायतें दर्ज

# लगातार बढ़ रही साइबर ठगी की वारदातें, दो युवकों से 25 लाख लूटे

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

पुलिस की ओर से लोगों को लगातार जागरूक करने के बाद भी जिले में साइबर फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। साइबर ठग लोगों को नए-नए तरीके अपना कर अपना शिकार बना रहे है। वर्ष 2025 में जनवरी से अब तक अकेले साइबर थाने में ही 33 शिकायतें दर्ज हो चुकी है। पिछले तीन दिनों में 8 के करीब केस दर्ज हो चुके है। लोग ऑनलाइन टॉस्क के नाम पर ठगी के ज्यादा शिकार हो रहे हैं। हालांकि पुलिस ने साइबर ठगी के मामलों में कई आरोपी गिरफ्तार किए है, लेकिन साइबर ठगों की संख्या भी बढ़ती जा रही है।



रेवाड़ी। पुलिस लाइन स्थित साउथ रेंज साइबर थाना।

### कोल्ड ड्रिंक की एजेंसी देने का झांसा देकर 11.63 लाख का फ्रॉड

रेवाड़ी। साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के साथ कोल्ड डिंक की एजेंसी देने के नाम पर लाखों की ठगी कर ली। कोसली निवासी नवीन प्रकाश ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह राशन सप्लाई का काम करता है तथा उसने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो देखी थी, जिसमें कैंपा कोला की एजेंसी लेने के लिए दिखाया हुआ था तथा उसमे यह इंस्ट्रेस्ट्रेड व नॉट इंस्ट्रेस्टेड लिखा हुआ था। उसने इंस्ट्रेस्टेड पर क्लिक कर दिया। इसके बाद उसके पास व्हाट्सएप पर फार्म भरने का लिंक आया। उसने फार्म में अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड व 10वीं की मार्कशीट की डिटेल भरकर सेंड कर दिया। उसके बाद नवीन के पास 13 जनवरी को कॉल आई कि उसका रजिस्ट्रेशन हो गया है तथा उससे 58410 रुपये मांगे। उसने अपने यूनियन बैंक खाते से रुपये ट्रांसफर कर दिए। दिए। उसके बाद ठग ने उससे 21 जनवरी को प्रोडक्ट ब्लॉक करने के नाम के514296 रुपये मांगे, जिस पर नवीन ने पहले एक लाख और 23 जनवरी को तीन लाख व फिर एक लाख रुपये भेज दिए तथा 25 जनवरी को 14296 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद नवीन ने उसको कंपनी के कर्मचारी की ओर से अपने गोदाम को वेरिफाई करने के लिए बोला तो उसने एक फरवरी को एक अमित निवासी माजरा कलां का उसके घर पर भेज दिया। अमित बोला कि उनके पास सही गोदाम है तथा नवीन से एग्रीमेठ फीस के 80000 रुपये, सिक्योरिटी डिपोजिट के 310000 रुपये तथा इंशोरेंस कि मिलाकर 590853 रुपये मांगे तथा खाता नंबर नोट कराया। नवीन ने खाते पर 6 फरवरी को 590853 रुपये भी भेज दिए। उसके बाद अमित ने कहा कि तीन-चार दिन में आपका माल आ जाएगा, लेकिन आज तक कोई माल नहीं मिला और उनका फोन भी बंद आ रहा है। साइबर ठगों ने नवीन के साथ 1163559 रुपये का फ्रॉड कर लिया। अपने साथ हुई ठगी का पता चलने पर उसने साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 13 लाख की ठगी

साइबर ठगों ने एक सेवानिवृत्त कर्मचारी के साथ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी कर ली। ठगों ने व्यक्ति से 13 लाख रुपये ठग लिए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव रामगढ़ निवासी गजेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह इफको से सेवानिवृत्त है। गजेन्द्र ने बताया कि उनका टेलीग्राम पर आर्ट ऑप्शनल ट्रेनिंग ग्रुप ऑपरेट करने वाले धनश्याम यादव से सम्पर्क हुआ, जिन्होंने गजेन्द्र को शेयर ट्रेडिंग के लिए रोशनी जैन का मोबाइल नंबर देकर बताया कि वह ग्रुप में ट्रेडिंग टिप्स देती है। जब उन्होंने रोशनी से बात की तो उसने उनको ग्रुप ज्वाइन करा दिया। इसके बाद ठग से रोजाना टॉस्क देकर शेयर ट्रेडिंग कराते रहे और पैसे लेते रहे और कहा कि जिस दिन मार्केट ओपन होगा उस दिन शेयर के रेट डबल हो जाएंगे। फिर उसे रोजना आईपीओ खरीदने की कहते रहे और अपनी मर्जी से आईपीओ अलॉट कर देते तथा उसकी कीमत 5 लाख 62 हजार से अधिक दशार्ते थे। ठगों ने गजेन्द्र से एक बार 12 लाख 60 हजार व दूसरी बार 40 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। उसके बाद गजेन्द्र ने अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे ब्लॉक कर दिए। ठगों ने गजेन्द्र से कहा कि 5 लाख 62 हजार रुपये और जमा कराने पर उसके सारे पैसे वापस मिलेंगे। अपने साथ फ्रॉड होने का पता चलने पर उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आईजीयू में फ्रेमवर्क एंड कॉमर्सलाइजेशन ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट पर कार्यशाला



रेवाड़ी। अतिथियों का स्वागत करते हुए आईजीयू स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में आईपीआर सेल एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान एवं हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रायोजित फ्रेमवर्क एंड कॉमर्सलाइजेशन ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा. सुनील कुमार निदेशक आईपीआर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव ने किया। उन्होंने सभी को पेटेंट की संपूर्ण शैली को अपनाने एवं मौलिक अधिकारों के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य वक्ता डा. राहुल तनेजा ने बौद्धिक संपदा अधिकारों का मुख्य काम, रचनात्मक और आविष्कारात्मक कार्यों को सुरक्षित करना और उनका व्यवसायीकरण करना, साथ ही आईपीआर के तहत सुरक्षित की जाने वाली चीजें जैसे आविष्कार, ट्रेडमार्क, डिजाइन, रचनात्मक सामग्री, अन्य अमूर्त संपत्तियां एवं डिजाइन अधिकार के बारे में बोध कराया। अनिल कुमार ने बताया कि आईपीआर वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में जानकारी देना और इनका सही इस्तेमाल करना रहा। प्रोफेसर रश्मि पुंडीर ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रोफेसर आनंद सागर शर्मा, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर मंजू परूथी आदि मौजूद रहे।

## पुलवामा हमले के वीर शहीदों को किया नमन



रेवाड़ी। जन शक्ति जागृति मंच की राष्टीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले को छह साल हो गए, लेकिन उस दर्दनाक मंजर की टीस अभी भी जिंदा है। आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे और पूरा देश गम में डूब गया था। यह दिन हर भारतीय के दिल में शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है। जन शक्ति जागृति मंच की ओर से शुक्रवार को पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई।



रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम।

## एसडीएम ने की एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा

रेवाड़ी। अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत उप-मंडल स्तरीय सतर्कता एवं मोनिटरिंग कमेटी की बैठक शुक्रवार को एसडीएम सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। एसडीएम ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा की। इस दौरान एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने पुलिस विभाग के अधिकारियों व कमेटी के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में अत्याचार होने पर नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही की जाए। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विरूद्ध अत्याचार से संबंधित मामलों का तत्परता से निष्पादन करने के साथ साथ पीड़तिों को समय पर मुआवजा उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक सुमेर सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी चित्र कुमार सबरवाल, अशोक कुमार, सविता देवी, कोशल चंद व अजीत सिंह मौजूद थे।

## अच्छा व्यक्तित्व विकसित करने से प्राप्त कर सकते जीवन में सफलता: रजनी

हरिभूमि न्यूज ⏩ बावल

राजकीय महाविद्यालय बावल में प्लेसमेंट सेल की ओर से व्यक्तित्व विकास विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता रजनी कुमारी असिस्टेंट प्रोफेसर गवर्नमेंट कॉलेज गुरावड़ा ने विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्या डा. नमिता ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। मुख्य वक्ता रजनी कुमारी ने व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक अच्छा व्यक्तित्व विकसित करने से हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास, संघर्ष और मेहनत के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक अच्छा व्यक्तित्व विकसित करने के लिए हमें अपने शिक्षकों, माता-पिता और समाज से सीखने की आवश्यकता है। कॉलेज की प्लेसमेंट सेल प्रभारी रेखा चोपड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा छात्रों को व्यक्तित्व विकास के महत्व को समझने और अपने जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डा. इंद्रजीत, डा. किरण शर्मा, व डा. पूजा ग्रोवर सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।





रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए वक्ता।

## सेवा सुरक्षा को लेकर अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

शुक्रवार को विश्वविद्यालयों के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों ने सेवा सुरक्षा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम विधायक को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई कमेटी की रिपोर्ट को शीघ्र सबमिट कराने की अपील की ताकि 7 मार्च के विधानसभा सत्र में 1443 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने का एजेंडे से कानून बनाकर रोजगार सुरक्षित किया जा सके। शुक्रवार को हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन हरियाणा यानि हुकटा के प्रतिनिधि मंडल ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के निवास पर नायब सिंह सैनी से मिलकर सेवा सुरक्षा की कार्यवाही की रिपोर्ट को जल्द से जल्द जमा कराने के लिए भी ज्ञापन सौंपा। हुकटा के अध्यक्ष विजय मलिक व हरनेक सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री जनसंवाद की 28 दिसंबर 2024 की कार्यवाही की रिपोर्ट में उच्चत्तर शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों में अनुबंधित सहायक प्रोफेसरों से संबंधित सेवा सुरक्षा प्रदान करने के मामले की जांच करने के लिए 1 महीने पहले मेमो संख्या 18/197-2023 यूएनपी (1) व 9 जनवरी 2025 के तहत एक समिति का गठन किया गया था, लेकिन कमेटी की रिपोर्ट आज तक सबमिट नहीं होने के कारण सेवा सुरक्षा का ड्राफ्ट व अन्य महत्वपूर्ण आगामी कार्यवाही नहीं हो पाई है, बल्कि इस रिपोर्ट के लिए शिक्षा विभाग द्वारा रिमाइंडर भी आ चुके हैं। इस अवसर पर हुकटा के प्रतिनिधि मंडल में तनु, स्नेह और अश्विनी उपस्थित थे।

## चालान भरने के लिए फर्जी लाइसेंस देने के मामले में एक और आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

जगन गेट चौकी पुलिस ने फर्जी तरीके से लाइसेंस तैयार कराकर चालानिंग ब्रांच में चालान भुगतने के लिए फर्जी लाइसेंस पेश करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव दिहाना निवासी मोहम्मद राहुल के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सिपाही प्रदीप कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि वह चलानिंग ब्रांच में बतौर कम्प्यूटर ऑपरेटर तैनात है। 27 सितंबर 2021 को उसके पास एक गाड़ी का चालान भुगतान करने के लिए हकमुदीन निवासी दिहाना जिला नूंह आया, जिसने भुगतान करते समय अपना लाइसेंस नंबर एचआर-



472010000828 जोकि आरटीए रेवाड़ी से बना हुआ पेश किया। उसके बाद लाइसेंस का रिकॉर्ड चेक किया तो रिकार्ड में मिली फोटो व चालक का पता व लाइसेंस बनाने वाली अथॉरिटी का पता अलग-अलग पाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करके आरोपी हक्मुदीन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी गिरफ्तार कर लिया है।

**समस्या** ठेकेदार व अधिकारियों की मिलीभगत से कचरा उठान में भी कमीशन का खेल

# सीए फ्लाइंग की नप सफाई शाखा में दस्तक धर्मकांटे की फर्जी पर्ची से कचरा हो रहा डंप

वर्क ऑर्डर के मुताबिक डंपर का करना था वजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

रेवाड़ी नगर परिषद में बार-बार कारनामें उजागर हो रहे है। मुख्यमंत्री उड़ने दस्ते की सजगता के कारण एक बार फिर नगर परिषद के कचरा उठान में बड़े घोटाले की बू आने रही है। सूत्रों के अनुसार कचरे के वजन को लेकर बड़ा खेल किया गया है। कचरे के वजन के हिसाब से ठेकेदार को पेमेंट करनी होती है। नगर परिषद रेवाड़ी की ओर से जारी वर्क ऑर्डर के मुताबिक 1746 रुपये प्रति टन के हिसाब से कचरा रामसिंह पुरा साइट पर पहुंचाना था। कागजों में जरूर धर्म कांटे पर डंपर पहुंचे और पर्ची भी कटी, लेकिन जांच की गई तो डंपर धर्मकांटे पर पहुंचे ही नहीं थे। फर्जी तरीके से वजन की पर्ची काट दी गई। धर्मकांटे वाले ने डीवीआर खराब होने का बहाना भी बनाया, लेकिन सीएम फ्लाइंग ने आसपास के सीसीटीवी की जांच की तो पाया कि जिस दिन डंपर की चार पर्चियां धर्मकांटे से जारी हुई, उस दिन धर्मकांटे पर डंपर पहुंचे ही नहीं थे। नियम अनुसार यहां पर भी फर्जीवाड़ा हुआ, जिस धर्मकांटे पर डंपर का वजन होना होता है, वहां पर सीसीटीवी कैमरों के साथ उसका रिकॉर्ड भी होना जरूरी है। अब पूरे मामले में मुकदमा दर्ज करने की तैयारी चल रही है। मामले की जांच ठीक से हुई तो बड़ी मछलियां भी जाल में फंस सकती हैं।



रेवाड़ी। सफाई शाखा में रिकॉर्ड की जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग टीम।

शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित चीफ सफाई निरीक्षक के ऑफिस में रेड की। यह रेड सुबह 10 बजे से शाम साढ़े छह बजे तक साढे आठ घंटे तक चली। डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा कराने की तैयारी चल रही है, जबकि नगर परिषद के जिन अधिकारियों पर मॉनिटरिंग का जिम्मा था, उन्होंने कुछ भी नहीं किया। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए पांच करोड से अधिक का टेंडर दिया गया था, जिसमें तीन करोड़ से अधिक की पेमेंट भी की जा चुकी है। टेंडर की शर्तों के मुताबिक डोर-टू डोर कचरा ले जाने वाली गाड़ी में गीले व सूखे कचरे के लिए अलग-अलग व्यवस्था होनी चाहिए थी, लेकिन यहां पर ट्रैक्टरों के माध्यम से कचरा उठाया जा रहा था। डंपरों में बिना ढके खुले में कचरा ले जाया जा रहा है। ठेका लेने के बाद से ठेकेदार की ओर से पूरी गाड़ियां तक नहीं लगाई गई। नगर परिषद की ओर से ठेकेदार का सरकारी जमीन में ही ऑफिस बनाया हुआ है।